>

Title: Need to provide a stoppage to Ashram Express running between Delhi and Ahmedabad at Beawar railway station in Rajsamand Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री गोपाल सिंह शेखावत (राजसमंद) : महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मेरा निर्वाचन क्षेत्र ब्यावर, राजस्थान के सबसे बड़े शहरों में से है। जिसमें उसके आसपास के जिले अजमेर, भीलवाड़ा, राजसमंद, पाली आदि दूर-दूर के क्षेत्रों से यात्री आते हैं, लेकिन बड़े दुख की बात है कि इतने बड़े स्टेशन पर इम्पोर्ट एवं जनता के आगमन एवं प्रस्थान के लिए रेलवे का कोई स्टॉपेज नहीं है। उत्तर-पश्चिम रेलवे के अंतर्गत इस रेल मार्ग पर आने वाली ट्रेन नम्बर 12215/12216 दिल्ली सराय रोहिल्ला से बान्द्रा टर्मिनल, गरीब रथ एक्सप्रेस तथा ट्रेन नम्बर 15269/15270 मुजफ्फरपुर-अहमदाबाद, जन-साधारण एक्सप्रेस तथा प्रमुख रूप से चलने वाली हमारी आश्रम एक्सप्रेस ट्रेन नम्बर 12215/12216 जिसका स्टॉपेज यहां से दिल्ली से जयपुर के बीच में कम से कम आठ जगह होता है। लेकिन, ऐसा कहकर कि एक्सप्रेस ट्रेनों के ज्यादा स्टॉपेज नहीं होने चाहिए, इस आधार पर ब्यावर पर इन एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं है, जिससे क्षेत्र में रहने वाले तमाम फौजी भाई जो बहुत दूर से आते हैं एवं आसपास की जनता को बहुत असुविधा होती है।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीया रेल मंत्री जी से निवेदन है कि सभी एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव ब्यावर स्टेशन पर किया जाये।